<u>प्रादेशिक समाचार</u>

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 28.01.2026 समय : 18.30 पीएम

00000

- संसद का बजट सत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ शुरू–उन्होंने विश्वास जताया कि विकसित भारत जी राम जी अधिनियम ग्रामीण विकास को नई गति देगां
- राज्य विधानसभा में राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में सामाजिक सुरक्षा, कृषि कल्याण समेत विभिन्न विषयों पर सरकार के विजन को प्रस्तुत कियां
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा–देश के युवा आज साहस और प्रतिबद्धता को देश–प्रथम की सोच के साथ परिभाषित करते हैं
- मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में हुई हल्की से मध्यम बारिश के बाद ठिठुरन बढ़ने के आसार जताएं

00000

संसद का बजट सत्र आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ शुरू हुआं दोनो सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और विकास के लिए विकसित भारत जी–राम–जी कानून लागू किया गया हैं राष्ट्रपति ने कहा कि नए कानून के अंतर्गत गांव में 125 दिनों के रोजगार की गारंटी सुनिश्चित की गई हैं यह भ्रष्टाचार और गबन को रोकने में भी सहायक होगां राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि सरकार के निरंतर प्रयासों से आज सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ लगभग 95 करोड़ भारतीयों को मिल रहा है जबकि, वर्ष 2014 की शुरुआत में केवल 25 करोड़ नागरिकों को ही इन योजनाओं का लाभ मिल रहा थां

0000

राज्य विधानसभा के बजट सत्र का आज राज्यपाल के अभिभाषण के साथ आगाज़ हुआं राज्यपाल ने अपने संबोधन में सामाजिक सुरक्षा, कृषि कल्याण तथा अन्य विषयों पर सरकार का विजन प्रस्तुत कियां उन्होंने बताया कि प्रदेश में एक करोड़ 25 लाख से अधिक लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिला हैं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अंतर्गत राज्य के 71 लाख से अधिक किसानों को अब सालाना 9000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही हैंराज्यपाल ने शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि प्रदेश में पीएम श्री योजना के तहत स्कूलों को आधुनिक बनाया जा रहा है, जिससे 63 लाख से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए इंटरस्टेट पोर्टेबिलिटी सुविधा शुरू की गई है, जिससे राजस्थान के नागरिक अन्य राज्यों में भी कैशलेस उपचार ले सकेंगें उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए प्रदेश में 1000 करोड़ रुपये का 'डेयरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड' बनाया गया हैं श्री बागड़े ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए भी प्रतिबद्ध हैं

....

राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन में दिवंगत हस्तियों को श्रद्धाजंलि दी गईं इसके बाद सदन की कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित कर दी गईं इस बीच संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने आज राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों की टोकाटाकी पर नाराजगी जताईं मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि विपक्ष को राज्य के विकास के लिए अपना विजन सरकार को बताना चाहिए तो सरकार इसे सकारात्मक रूप में लेगीं उन्होंने कहा कि इस बार का बजट भी अभूतपूर्व होगां उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने जनता से किए अपने लगभग 70 प्रतिशत वायदे पूरे कर दिये हैं इसके साथ ही केन्द्र सरकार की योजनाओं में भी राजस्थान ने अच्छा काम करके दिखाया हैं

0000

विधानसभा स्पीकर वासुदेव देवनानी की अध्यक्षता में आज कार्य सलाहकार समिति की बैठक हुई बैठक में हुए फैसले के मुताबिक कल और शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर बहस होगीं 31

जनवरी, 01 फरवरी और 02 फरवरी को अवकाश रहेगां 04 फरवरी को मुख्यमंत्री राज्यपाल के अभिभाषण पर जवाब देंगें इसके बाद लगभग एक सप्ताह के अवकाश के पश्चात 11 फरवरी को राज्य का बजट पेश किया जाएगां

0000

राजस्थान युवा नीति–2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आज जयपुर में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई राजस्थान युवा बोर्ड के अध्यक्ष नीरज के पवन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस नीति का लक्ष्य 15 से 29 वर्ष के युवाओं को विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार बनाना हैं नीति के तहत शिक्षा, कौशल विकास, डिजिटल दक्षता और नवाचार सहित सात मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया हैं श्री पवन ने बताया कि वर्ष 2026 से 2031 तक के लिए निर्धारित लक्ष्यों को सभी विभागों के आपसी समन्वय से प्राप्त किया जाएगा, ताकि युवाओं को रोजगार और उद्यमिता के बेहतर अवसर मिल सकें

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश के युवा आज साहस और प्रतिबद्धता को देश–प्रथम की सोच के साथ परिभाषित करते हैं नई दिल्ली के करियप्पा परेड ग्राउंड में आज वार्षिक एनसीसी पीएम रैली को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि एनसीसी एक ऐसा आंदोलन है जो भारत के युवाओं को आत्मविश्वासी, अनुशासित और राष्ट्र के प्रति समर्पित संवेदनशील नागरिक बनाता हैं उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत के युवाओं को बहुत भरोसे से देखती है और यह उनके कौशल और संस्कृति के कारण हैं देश भर के कैडेटों और अधिकारियों को बधाई देते हुए, श्री मोदी ने कहा कि पिछले कुछ सालों में, एनसीसी की ताकत में वृद्धि हुई हैं

0000

भारत–यूरोपीय मुक्त व्यापार समझौते को ऐतिहासिक बताते हुए श्री मोदी ने कहा कि यह समझौता भारतीय पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं और चिकित्सकों को बढ़ावा देगां

0000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी हिस्सों में हुई हल्की से मध्यम बारिश के बाद अब ठिठुरन बढ़ने के आसार हैं मौसम विभाग के अनुसार, सर्वाधिक 26 मिलीमीटर बारिश झालावाड़ के मनोहर थाना में दर्ज की गई हैं वर्तमान में राज्य के दक्षिण–पूर्वी हिस्सों के ऊपर एक परिसंचरण तंत्र बना हुआ है, जिसके प्रभाव से कुछ जिलों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, अब तेज उत्तरी हवाओं के चलने से अगले कुछ दिनों में राज्य के अधिकांश भागों में तापमान 3 से 4 डिग्री तक गिर सकता हैं विभाग ने कल और परसों सुबह के समय कहीं–कहीं घना कोहरा छाने की संभावना जताई हैं वहीं, एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 30 जनवरी को राज्य के उत्तरी और पूर्वी भागों में एक बार फिर मेघ गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती हैं कोहरे के कारण दृश्यता कम रहने की आशंका को देखते हुए वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई हैं

00000

पाली जिले में पीएम कुसुम योजना के तहत गांवों में सोलर प्लांट लगाने का सिलसिला जारी हैं अब तक जिले के 33 गांवों में करीब 57 मेगावॉट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र लगाये जा चुके हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे रोजाना लगभग 2 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा हैं

0000

जैसलमेर में मरु महोत्सव कल से शुरू हो रहा हैं यह आयोजन एक फरवरी तक जैसलमेर, पोकरण, सम और खुहड़ी में चलेगां कार्यक्रम के पहले दिन पोकरण में नेपालेश्वर महादेव मंदिर में आरती होगी और किले से शोभायात्रा निकाली जाएगीं महोत्सव के दौरान मिस्टर डेजर्ट, मिस मूमल, ऊंट दौड़ और लोकनृत्य की प्रतियोगिताएं होंगीं हस्तशिल्प मेले के साथ कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगीं प्रशासन ने आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं

0000